# क्रिया

# आओ पहले कुछ तस्वीरें देखें

# बालक खेल रहा है ।



संकलनकर्ता- पंकज गुप्ता, भाषाध्यापक

# माया गृहकार्य कर रही है |



संकलनकर्ता- पंकज गुप्ता, भाषाध्यापक

# शिक्षक पढ़ा रहा है |



# अतः क्रिया की परिभाषा

- जिन शब्दों से किसी कार्य के होने, करने अथवा किसी स्थिति का बोध हो, उन्हें क्रिया कहते हैं ।

# धातु

- क्रिया के मूल अंशों को धातु कहते हैं ।जैसे-

पढ़, लिख, हँस, चल, गा, सो, खेल, देख, सुन, जा, आ, बैठ, रो आदि ।

# ज़रा **उभरे हुए शब्दों** को ध्यान से देखें-

- बालक **खेल रहा** है ।
- माया गृहकार्य **कर रही** है ।
- ट्रैक्टर खेत में **है** ।
- शिक्षक **पढ़ा रहा** है ।
- मजदूर खोद रहा है ।
- फूल खिल रहे हैं ।

इन वाक्यों में

❖ 'खेल रहा है', 'पढ़ा रहा है', 'गृहकार्य कर रही है', 'खोद रहा है' आदि कार्य प्रयत्नपूर्वक किए जा रहे हैं ।

❖ जबकि '**खिल रहे** हैं' क्रिया अनायास हो रही है ।

❖ '**है**' में क्रिया की स्थिति का बोध है ।

**अतः ये क्रिया के उदाहरण हैं ।**



लडका क्या करता है ?

**लडका खाता है ।**



माँ क्या करती है ?

**माँ खाना <u>पकाती है ।</u>**

- पढना - हाँ
- मीठा - नहीं
- खाना - हाँ
- सुन्दर - नहीं
- चलना - हाँ
- पीना हाँ

# क्रिया शब्द ढूँढकर लिखेँ

पानी , खुबसूरत , दौडना , चढना

बडा , मोटा , कूदना , नीला , सोना

अच्छा , चलना , स्वाद